पत्रसं0-चे0पो0-25 क (08-09)राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन// 0809083 //वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश,
(चेकपोस्ट-अनुभाग)
लखनऊ:: दिनॉक:: 18 नवम्बर, 08

**समस्त असिस्टेन्ट कमिश्नर/ वाणिज्य कर अधिकारी**
**सचल दल / जॉच चौकी, वाणिज्य कर विभाग, उ0प्र0 ।**

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0-9 जगत नारायण रोड़, लखनऊ द्वारा इस आशय का प्रत्यावेदन दिया गया है कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई ने यूनाइटेड नेशन्स आफिस फार प्रोजेक्ट सर्विसेज को विटामिल ए सोल्यूशन की सप्लाई प्रदेश के सभी 70 जिलों में मार्डन लेबोटरीज 45 डी / 2 सनवर रोड़, इण्ड0 एरिया, इन्दौर द्वारा की जानी है ।

यह भी कहा गया है कि इसका उपयोग केवल सरकारी चिकित्सालयों में होगा और उन्हें मुफ्त वितरित किया जायेगा तथा इसकी बिक्री नहीं की जायेगी । यह भी कहा गया है कि इसकी प्रत्येक पैंकिंग पर GOVERNMENT OF UTTAR PRADESH SUPPLY - NOT FOR SALE स्पष्ट रुप से लिखा रहेगा । इसका परिवहन नवम्बर-08 के दूसरे व तीसरे सप्ताह के बीच होना संभावित है । राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0 द्वारा यह भी कहा गया है कि यह विटामिन-ए सोल्यूशन बच्चों एवं औरतों में मुफ्त वितरण के लिए सरकारी विभाग में आ रही है । इसके परिवहन के लिए फार्म-39 की आवश्यकता से मुक्त करते हुए वाणिज्य कर विभाग के अधिकारियों को इस आशय के निर्देश निर्गत कर दिये जाये कि इसके परिवहन में कोई बाधा न आये ।

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, के प्रत्यावेदन के प्रकाश में यह निर्देशित किया जाता है कि यदि विटामिन ए सोल्यूशन की सप्लाई उक्त कम्पनी द्वारा जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को की जा रही हो तो उन्हें जॉचोपरान्त जाने दिया जाये और यह सुनिश्चित किया जाये कि विभाग की तरफ से उनके परिवहन में अनावश्यक रुप से कोई विलम्ब अथवा व्यवधान उत्पन्न न हो ।

17/11/08
(अनिल संत)
कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 ।

**पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त ।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 ।
2. समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर ग्रेड-2(वि0अनु0शा0)वाणिज्य कर, उ0प्र0 ।
3. समस्त ज्वाइन्ट कमिश्नर(वि0अनु0शा0)वाणिज्य कर , उ0प्र0 ।
4. जनरल मैनेजर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,9 जगत नारायण रोड़, लखनऊ ।

(वी0पी0श्रीवास्तव)
ज्वाइन्ट कमिश्नर(चे0पो0)वाणिज्य कर
मुख्यालय लखनऊ ।